## घरों में घुसा पानी सोफा तैरा, 20 शहरों में बारिश, 2 में स्कूल बंद, 3 दिन में 10 मौतें

# यूपी में सड़कों पर दौड़े मगरमच्छ

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/वाराणसी। यूपी में मानसून ने जोर पकड़ लिया है। मंगलवार सुबह से लखनऊ, कानपुर, बाराबंकी समेत 20 शहरों में रुक-रुककर बारिश हो रही है। पूरे प्रदेश में बादल छाए हैं। इसके अलावा, आज सभी 75 जिलों में बारिश का अलर्ट है। 66 में भारी बारिश हो सकती है।

पिछले 24 घंटे में प्रयागराज में इतनी बारिश हुई कि सड़कें तालाब बन गईं। बारिश का पानी घरों में घुस गया। अंडरपास में 2 फीट तक जलभराव होने से ट्रैफिक रोकना पड़ा। कौशांबी में घर में पानी भरने से सोफे-कुर्सियां तैरती दिखीं। पीलीभीत और बहराइच में खराब मौसम की वजह से सभी स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। इधर, यूपी में कई नदियां उफान पर हैं। लखीमपुर में शारदा नदी का पानी गांवों में घुस गया है। पानी के साथ मगरमच्छ भी गांव तक पहुंच गए। खेतों और सड़कों पर दौड़ते दिखाई दिए। वाराणसी-प्रयागराज में घाटों की सीढ़ियां डूब गई हैं। काशी में 50 छोटे मंदिरों में पानी भर गया है। इससे पहले, सोमवार को गोरखपुर, अयोध्या समेत 50 जिलों में बारिश हुई। फिरोजाबाद और उन्नाव के सरकारी अस्पताल में घुटनों तक पानी भर गया। शामली में नहर टूट गई। 10 फीट सड़क धंस गई। प्रदेश में पिछले 3 दिनों में बारिश और बिजली गिरने की वजह से 10 लोगों की मौत हो गई।



### बुलंदशहर में घर के बाहर मिला 12 फीट लंबा अजगर

बुलंदशहर के अनूपशहर की कैलाश विहार कॉलोनी में मंगलवार सुबह एक मकान के बाहर नाली में करीब 12 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर महज 10 मिनट में अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे जंगल में छोड़ दिया।

> लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया-बंगाल की खाड़ी में लो प्रेशर एरिया के कमजोर पड़ने के साथ ही मानसूनी गतिविधियां तेज हो गई हैं। मानसूनी रेखा श्रीगंगानगर, रोहतक, हरदोई, वाराणसी, रांची होते हुए उत्तरी पश्चिमी बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। ऐसे में यूपी में 24 जुलाई तक भारी से बहुत भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट रहेगा। इसके बाद 3-4 दिन कहीं-कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट रहेगा।

### कानपुर देहात में सूखी नहर में मिला 7 फीट लंबा मगरमच्छ

कानपुर देहात के अमराहट गांव में लगातार बारिश के बीच एक 7 फीट लंबा मगरमच्छ मिला। गांव की सूखी नहर में ग्रामीणों ने मगरमच्छ को देखा। तुरंत सूचना स्थानीय अमराहट थाना पुलिस को दी। थाना प्रभारी महेश कुमार ने वन विभाग को सूचना दी। वन दारोगा इंद्रेश कुमार के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। मगरमच्छ को रस्सियों की मदद से सुरक्षित निकाला। पास ही बह रही यमुना नदी में सुरक्षित छोड़ दिया।



उन्नाव में बारिश से बांगरमऊ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (CHC) में पानी भर गया।

### सहारनपुर के शिव मंदिर में निकला कोबरा

सहारनपुर के नानौता में गंगोह मार्ग स्थित प्राचीन शिव मंदिर में भवन निर्माण कार्य के दौरान एक जहरीला कोबरा नाग मिलने से हड़कंप मच गया। मंगलवार सुबह हुई इस घटना की सूचना पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर कोबरा का सुरक्षित रेस्क्यू किया।

## वाराणसी में चोर 5-मिनट में चुरा ले गए अष्टधातु मूर्ति

### पुलिस ने पांच दिन बाद भी नहीं दर्ज की एफआईआर

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। वाराणसी के बटुक भैरव मंदिर के पास रहने वाले प्रभाकर गिरी के मकान से 17 जुलाई को चोरों ने तीन अष्टधातु की श्रीकृष्ण और लक्ष्मी-गणेश की मूर्तियां चुरा ली। दिनदहाड़े हुई इस चोरी की सूचना पीड़ित ने पुलिस को दी पर आज तक FIR नहीं दर्ज की गई। अष्टधातु की मूर्तियों को चुराने वाले दो व्यक्ति में से एक घर के अंदर जाते और फिर झोले में मूर्तियां लेकर 5 मिनट में बाहर आते हुए सीसीटीवी में कैद हुआ है।

पीड़ित के अनुसार 17 जुलाई को पुलिस ने रथयात्रा मेले की दुहाई देते हुए तहरीर लेकर वापस भेज दिया था। लेकिन अब दौड़ाया जा रहा है और पुख्ता सुबूत के बाद भी FIR दर्ज करने में हीलाहवाली की जा रही है। प्रभाकर गिरी ने बताया - 17 जुलाई की दोपहर में मेरे पिता



वासुदेव गिरी, छोटे भाई की वाइफ रीता गिरी, मेरी वाइफ नीतू गिरी, मेरा बेटा शिवाय गिरी और दो साल की बच्ची ऊपर के तल में सो रहे थे। शाम में सात बजे रोज की तरह शिवाय मेरा बेटा नीचे मंदिर में पूजा के लिए उतरा। यहां पहुंचा तो उसने मम्मी को अपनी आवाज दी और कहा की मंदिर में मूर्ति गायब है। जिसके बाद सब लोग नीचे आये तो मूर्तियां जो अष्टधातु की बनी थीं और हमारे दादा जी ने स्थापित कराई थी वो गायब थी।

प्रभाकर ने बताया - इसके बाद हम लोगों ने सीसीटीवी कैमरे को चेक करना शुरू किया।

### दो बेटियों को लेकर पानी की टंकी पर चढ़ी महिला

गोरखपुर। गोरखपुर में 12 जुलाई को एक महिला दो बेटियों के साथ पानी की टंकी पर चढ़ गई थी। मंगलवार दोपहर करीब 2 बजे मीडिया के सामने आई। बातचीत में अपना पक्ष रखते हुए उसने पड़ोस के दो व्यक्तियों पर जमीन हड़पने और टॉर्चर करने का आरोप लगाया।

उसका कहना है कि कोर्ट के आदेश के बावजूद उसके हिस्से की जमीन पर कब्जा किया जा रहा। महिला के अनुसार 2017 से उस जमीन पर ईंट का भट्ठा चलाया जाता है। तमाम शिकायतों के बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

सहजनवा क्षेत्र के मुस्तफाबाद उर्फ मलऊर गांव के राहुल प्रताप सिंह की पत्नी कृष्ण कांती सिंह सुबह 11:30 बजे घर से 20 किमी दूर कैंट थाना क्षेत्र के सदर तहसील पहुंची। उनके साथ 7 और 10 साल की दो बच्चियां भी थीं। बच्चों को लेकर वह सदर तहसील के अंदर गईं। वहां स्थित 100 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ गई। इसकी सूचना जैसे ही मिली, वहां पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंच गई।

## सुभासपा ने बाराबंकी में संगठन को दी नई धार, अधीर सिंह बने जिलाध्यक्ष

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) ने बाराबंकी जिले में अपने संगठन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए युवा समाजसेवी अधीर सिंह को पार्टी का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। मंगलवार को सुन्धियामऊ-सूरतगंज मार्ग स्थित मीरपुर गांव में आयोजित विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन एवं संगठन विस्तार कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ. अरविंद राजभर ने इसकी औपचारिक घोषणा की। जैसे ही अधीर सिंह के नाम की घोषणा हुई, कार्यक्रम स्थल तालियों की गड़गड़ाहट और पार्टी के नारों से गूंज उठा। कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत करते हुए मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सम्मेलन में जिले के विभिन्न ब्लॉकों एवं विधानसभा क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और




समर्थक शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ना तथा आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार करना रहा। अपने संबोधन में डॉ. अरविंद राजभर ने कहा कि सुभासपा समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है और इसी सोच के साथ संगठन का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को राजनीति में आगे आने का आह्वान करते हुए कहा कि पार्टी उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारियां देकर नई पीढ़ी को अवसर प्रदान कर रही है।

## श्रावस्ती में कहा- नौकरी आते ही चचा-भतीजे निकल पड़ते थे, 396 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात दी

# हमने छांगुर को जेल में ठूंसा : योगी

- कांग्रेस ने श्रावस्ती को पीछे ढकेला
- नौकरी आते ही चाचा-भतीजे की जोड़ी निकल पड़ती थी : योगी

तमसा संकेत, एजेंसी

श्रावस्ती। बहराइच के बाद सीएम श्रावस्ती पहुंचे। यहां सीताद्वार में 396 करोड़ से अधिक की 83 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

सीएम ने कहा-छांगुर को हम लोगों ने बलरामपुर में पकड़ा था। वो कैसे बेवकूफ बनाकर कालनेमी के रूप में रहता था। पकड़कर उसे जेल के अंदर ठूंसा है। उसके जो अनैतिक काम हो रहे थे, उनपर बुलडोजर चल चुका है। छांगुर और उसके गुर्गे धराशायी हो चुके हैं। हमने कहा था कि कोई बेटी-व्यापारी की सुरक्षा में सेंध लगाए गा तो उसकी जगह जेल या जहन्नुम में होगी। आज यही तो हो रहा है। सीएम ने आगे कहा कि भिनगा में भाजपा का विधायक होता तो श्रावस्ती में और बड़ी योजनाएं आतीं। ये सपा वालों को विकास की पैरवी करने की फुर्सत कहां है। इनके लूट खसोट के अवैध धंधे सरकार पहले ही चौपट कर चुकी है। अब ये दुम दबाकर छिपे रहते हैं। क्योंकि इनको पता है कि गलत का परिणाम गलत होगा। जो विकास श्रावस्ती का होना चाहिथा वो नहीं हुआ। 75 साल तक श्रावस्ती रेलवे लाइन से दूर रहा। जब प्रधानमंत्री मोदी आए तो यहां रेलवे लाइव पहुंची है।



### हर जिले में माफिया होता था

योगी ने कहा- सपा सरकार में हर जिले में एक माफिया होता था। थाने में एक गुंडे का कब्जा हो जाता था। तहसील में भू माफिया, लैंड-सैंड माफिया पशु माफिया का कब्जा हो जाता था। जनता टकटकी लगाए देखती थी। उन्हें योजनाओं का लाभ नहीं मिलता था। उसका परिणाम ये हो गया कि यूपी बीमार और श्रावस्ती पिछड़ गया। इस जिले की दुर्गति हो गई।

### सपा ने गाजी का मेला लगवाया इसलिए दुर्गति हुई

योगी ने कहा- महाराजा सुहेलदेव के कारण हम लोग जीवित हैं। उनकी परंपरा को आगे बढ़ाने की बजाए सपा कांग्रेस के लोगों ने विदेशी आक्रांता गाजी के नाम पर मेला लगाना शुरू कर दिया। हमारी सरकार आई तो हमने कहा कोई ऐसा आयोजन करेगा तो कार्रवाई करेंगे। ये स्वतंत्र भारत है। स्वाधीन भारत में विदेशी आक्रांता का सम्मान नहीं हो सकता। ये कांग्रेस और सपा के लोग हैं। इन्हें मां जानकी, भगवान संभवनाथ, भगवान बुद्ध अच्छे नहीं लगते। मां जानकी की रामायणकालीन पंरपरा अच्छी नहीं लगती। इन्हें तो गाजी मियां का मेला लगवाना था। इसलिए इनकी दुर्गति भी हुई है।

> **देश को 1947 में आजाद हो गया था। आजादी के बाद कांग्रेस ने लंबे समय तक राज किया। लेकिन विकास नहीं किया। बल्कि इस क्षेत्र को पीछे ढकेलने में कोई कसर नहीं छोड़ी। न रेल की कनेक्टिविटी थी, न एयर। सड़क को कोई पूछने वाला नहीं था।**

# 'सपा सांसद ने दलित महिला की जमीन कब्जाई'

## मंत्री राजभर का दावा- 50 बीघे में फार्म हाउस बनाया, अखिलेश के सांसद भाई सब जानते

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने एक बार फिर सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोला। उन्होंने कहा- वह चाहते हैं कि अगले साल बनने वाली नई सरकार में एक मजबूत विपक्ष मिले। अगर अच्छा विपक्ष बनना है, तो सपा को 'लुटेरे' नेताओं पर लगाम लगानी होगी।

मंगलवार सुबह 11:45 बजे राजभर ने X पर पोस्ट करते हुए लिखा-आपके सांसद ने एक दलित महिला की 50 बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया है। उसके चारों ओर करंट वाला तार लगवा दिया है, ताकि कोई गरीब वहां जाए और उसकी मौत हो जाए। आप अपने भाई धर्मेंद्र यादव से पूछ लीजिए। राजभर ने अपनी पोस्ट में जिस सपा सांसद का जिक्र किया है वह दरोगा प्रसाद सरोज हैं। सरोज, आजमगढ़ के लालगंज सुरक्षित लोकसभा सीट से तीसरी बार सांसद चुने गए हैं। राजभर ने लिखा, "अखिलेश भैया, सुबह की राम-राम! एक बात बताइए मित्र, क्या आपकी पार्टी के लोगों को गरीबों, पिछड़ों और दलितों को सताने में मजा आता है?" प्रदेश में लगभग हर रोज हो रहे अपराधों की जांच में सपा से जुड़े लोगों के नाम सामने आ रहे हैं। हत्या, हुड़दंग से लेकर चोरी-छिनैती तक की घटनाओं में आपकी पार्टी के लोगों का नाम क्यों आता है?



अखिलेश पर तंज कसते हुए राजभर ने कहा- अगले सरकार नई सरकार के लिए अच्छा विपक्ष आपको बनना है तो लुटेरे नेताओं पर लगाम लगाएं।

### राजभर ने एक दिन पहले अखिलेश से पूछा- क्या आप यदुवंशी हैं?



एक दिन पहले सोमवार को एक्स पर मंत्री राजभर ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के यदुवंशी होने पर ही सवाल उठाया था। लिखा था- अगर अखिलेश सच्चे यदुवंशी होते तो मौलाना जरजिस अंसारी के भगवान श्रीकृष्ण पर आपत्तिजनक बयानों पर खून खौलता।

मौलाना जरजिस हम सब के आराध्य भगवान श्रीकृष्ण को लेकर लगातार आपत्तिजनक बयानबाजियां कर रहा है और आप वोट बैंक की राजनीति के चक्कर में मुंह सिलकर पूरे यदुवंश की नाक कटा रहे हैं। वैसे आपसे अपेक्षा ही क्या की जा सकती है। आप तो वोटबैंक की राजनीति में इतने गिर चुके हैं कि कोई मौलाना आपकी धर्मपत्नी पर भी अभद्र टिप्पणी करके आप का चहेता बना रह सकता है

### 50 बीघा जमीन कब्जाने और 'करंट वाले तार' का आरोप

राजभर ने आजमगढ़ के मोहनपुर पटवास गांव का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि सपा सांसद एक गरीब दलित महिला गीता सरोज की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। उनका दावा है कि सांसद ने इसके लिए अपने बेटे और पोते को लगा रखा है, जो शराब के नशे में गाली-गलौज करते हैं और धमकियां देते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि करीब 50 बीघा जमीन और एक तालाब पर कब्जा कर वहां स्विमिंग पूल वाला फार्महाउस बना लिया गया है। कब्जाई गई जमीन के चारों ओर करंट वाला तार लगवाया गया है, ताकि कोई गरीब या दलित वहां जाए तो करंट लगने से उसकी मौत हो जाए।

# जलस्तर के लगातार बढ़ने और घटने से एक बार फिर कटान शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। हेतमापुर स्थित सरयू-घाघरा नदी में इन दिनों जलस्तर के लगातार बढ़ने और घटने से एक बार फिर कटान शुरू हो गई है। नदी के किनारे बसे गांवों के लोगों में भय का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि नदी का रुख देखकर उन्हें बीते वर्षों की भयावह तबाही याद आने लगी है, जब नदी के तेज बहाव में सैकड़ों मकान, उपजाऊ कृषि भूमि और कई गांवों का बड़ा हिस्सा नदी में समा गया था। अब एक बार फिर लोग अपने घरों और खेतों को बचाने की चिंता में दिन-रात गुजार रहे हैं। फिर हाल नदी का जलस्तर खतरे के निशान के नीचे है। स्थानीय लोगों के अनुसार सरयू-घाघरा की धारा लगातार किनारों को काट रही है। यदि समय रहते प्रभावी बचाव कार्य नहीं कराया गया तो इस वर्ष भी कई परिवारों के सामने बेघर होने और



खेती बर्बाद होने का संकट खड़ा हो सकता है। जबकि बेलाहरी गांव निवासी कमलेश का मकान अगली ही बाढ़ में सरयू नदी की बिल्कुल किनारे पहुंच चुका था। ग्रामीणों का कहना है कि नदी का पानी कभी घटता है तो कभी बड़ता है ऐसे में कटान तेज हो सकती है। केदाररीपुर गांव में भी एक मकान पिछले साल ही नदी के कटान क्षेत्र में आ चुका है। लगातार बढ़ते खतरे को देखते हुए वहां रहने वाले परिवार ने पिछले वर्ष ही अपना घर छोड़कर सुरक्षित स्थान पर रहने का निर्णय लिया। हालांकि उनका मकान अब भी नदी के किनारे खड़ा है, लेकिन हर समय उसके ढहने और नदी में समाने का खतरा बना हुआ है। सूरतगंज के बसंतापुर गांव रहने वाले मंशाराम पुत्र बैजनाथ ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2014 में 12 बीघा कृषि भूमि पंडितपुरवा गांव के पास खरीदी थी।

वर्ष 2024 में पूरी जमीन सरयू-घाघरा नदी की कटान में समा गई। उन्होंने आरोप लगाया कि दो वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें सरकार की ओर से किसी प्रकार की आर्थिक सहायता या मुआवजा नहीं मिला।

सरयू नदी के किनारे बसे सरसंडा ग्राम पंचायत के बाबापुरवा गांव निवासी हेवमती ने बताया कि वर्ष 2002 में उनकी लगभग 9 बीघा कृषि भूमि नदी में समा गई थी। खेती खत्म होने के बाद परिवार की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती चली गई और आज भी उनका परिवार एक झोपड़ी में रहने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से आवास निर्माण के लिए जमीन आवंटित की गई थी, लेकिन वह स्थान गांव और बांध से काफी दूर था।

# यूपीएसएसएससी अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम का आवास घेरा

## ग्राम पंचायत अधिकारी के रिजल्ट का इंतजार, 4 साल पहले की वैकेंसी

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । मंगलवार को सुबह 9 बजे ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती (2022) के अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया। विभिन्न जिलों से आए अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास का मानव श्रृंखला बनाकर घेराव किया। अभ्यर्थियों ने 2022 में आई वैकेंसी के फाइनल रिजल्ट का इंतजार कर रहे हैं। उनका कहना है कि सारी प्रक्रिया पूरी है तो रिजल्ट में देरी क्यों की जा रही है। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि 2022 के विज्ञापन के लिए 2023 में आवेदन लिए गए। लिखित परीक्षा, अभिलेख सत्यापन सहित सभी प्रक्रिया पूरी कर ली गई, लेकिन फाइनल परिणाम जारी नहीं किए गए। प्रदेशभर से आए अभ्यर्थियों ने डिप्टी सीएम के माध्यम से आयोग से शीघ्र परिणाम जारी किए जाने की मांग की। अभ्यर्थी राघवेंद्र सिंह ने बताया कि PET के जरिये 2022 में वैकेंसी आई थी। ग्राम पंचायत अधिकारी के 1468 पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया 2023 में शुरू हुई थी। हजारों अभ्यर्थियों ने भर्ती में आवेदन किया। 27 अप्रैल 2025 को लिखित परीक्षा भी आयोजित हो चुकी है। पात्र अभ्यर्थियों के अभिलेख सत्यापन की प्रक्रिया अप्रैल-मई तक पूरी कर ली गई थी । फिर भी अब तक फाइनल परिणाम जारी नहीं किए गए हैं। परिणाम में हो रही देरी की वजह से अभ्यर्थियों में नाराजगी है। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के आवास के बाद अभ्यर्थी पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के आवास पहुंच गए। पुलिस ने बात करके यहां से सबको वापस कर दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि उनके सामने रोजगार का संकट और जीवनयापन करने की चुनौतियां हैं। अगर समय पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाती तो आज वे लोग अपने परिवार का सहारा होते।




**आरोप : सपा ने भाजपा मंत्रियों के दबाव में कार्रवाई होने का लगाया आरोप, तत्काल हस्तक्षेप की मांग**

# मतदेय स्थलों में बदलाव और मतदाता सूची की गड़बड़ियों पर सपा का विरोध

- रायबरेली, प्रयागराज और कासगंज के मामलों में निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की उठाई मांग

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर रायबरेली, प्रयागराज और कासगंज से जुड़े निर्वाचन संबंधी मामलों में हस्तक्षेप की मांग की। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि कुछ स्थानों पर मतदेय स्थलों के पुनर्गठन, स्थानांतरण और मतदाता सूची में अनियमितताओं के कारण निष्पक्ष चुनाव प्रभावित हो सकता है।ज्ञापन में प्रयागराज की शहर दक्षिणी विधानसभा का भी उल्लेख किया गया है। सपा का आरोप है कि बहादुरगंज स्थित ठाकुर दीन बालिका जूनियर हाईस्कूल में बने कुछ मतदेय स्थलों पर मतदान के दौरान मतदाताओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। पार्टी ने इन मतदेय स्थलों को सरयूपारी महाविद्यालय, आर्यकन्या कॉलेज और अग्रवाल इंटर कॉलेज में स्थानांतरित करने की मांग की, ताकि मतदाता निर्भय होकर मतदान कर सकें। इसके अलावा कासगंज विधानसभा क्षेत्र की




**मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

> सपा ने आरोप लगाया कि रायबरेली की ऊंचाहार विधानसभा में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाताओं वाले 17 मतदेय स्थलों का पुनर्गठन कर मतदान केंद्रों को दूर कर दिया गया है, जिससे बड़ी संख्या में मतदाता मतदान से वंचित हो सकते हैं। पार्टी ने इस प्रस्ताव को तत्काल निरस्त करने की मांग करते हुए कहा कि यह निर्णय निष्पक्ष चुनाव की भावना के विपरीत है।



समाजवादी पार्टी ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से इन सभी मामलों में त्वरित कार्रवाई कर स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी विधानसभा चुनाव-2027 सुनिश्चित करने का आग्रह किया। ज्ञापन के.के. श्रीवास्तव, डॉ. हरिश्चंद्र सिंह और राधेश्याम सिंह ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा।

मतदाता सूची में बड़ी संख्या में कथित डुप्लीकेट मतदाताओं, नामों की पुनरावृत्ति और अन्य त्रुटियों का मुद्दा भी उठाया गया। सपा ने दावा किया कि करीब एक हजार डुप्लीकेट प्रविष्टियां हैं तथा कई मतदाताओं के नाम सूची से गायब हैं। पार्टी ने मतदाता सूची का सत्यापन कर उसे शुद्ध और त्रुटिरहित बनाने की मांग की।

## सुबह की भीड़ के बीच चार पहिया वाहन से पहुंचे आरोपी, वारदात के बाद गायब हुई गाड़ी

# खजूरी बाजार में चली गोली, उठे कई सवाल

**फायरिंग**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। खजूरी बाजार में मंगलवार सुबह अचानक हुई फायरिंग ने लोगों को हैरान कर दिया। रोज की तरह बाजार में चहल-पहल थी, लेकिन कुछ ही क्षणों में गोलियों की आवाज ने माहौल बदल दिया। चाय की दुकान पर बैठे एक युवक को निशाना बनाकर फायरिंग की गई और हमलावर देखते ही देखते चार पहिया वाहन से फरार हो गए।

मालीपुर थाना क्षेत्र के हाजीपुर गांव निवासी अतुल कुमार यादव इस हमले में घायल हुए हैं। गोली उनके



पैर में घुटने के पास लगी। पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर पहुंचाया, जहां उपचार के बाद उनकी हालत खतरे से बाहर बताई गई। अतुल यादव के मुताबिक वह शनिवार सुबह खजूरी बाजार खाद खरीदने आए थे। खाद की दुकान पर भीड़ होने के कारण वह पास की चाय-समोसे की दुकान पर बैठ गए। बताया गया कि इसी दौरान एक चार पहिया वाहन वहां आकर रुका। वाहन से कुछ लोग उतरे और सीधे अतुल की ओर बढ़े।

**घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हो गई। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने खजूरी बाजार पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।उन्होंने मौके की स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस हमलावरों तक पहुंचने के लिए जांच आगे बढ़ा रही है।**

आरोप है कि एक व्यक्ति ने पिस्तौल निकालकर फायर कर दिया। गोली लगते ही युवक वहां से बचने के लिए भागने लगा। गोली की आवाज सुनकर बाजार के लोग बाहर निकल आए। लोगों की भीड़ बढ़ती देख हमलावर वाहन में बैठकर मौके से निकल गए। दिनदहाड़े हुई इस घटना के बाद खजूरी बाजार में चर्चा का माहौल रहा। पुलिस घटनास्थल से जुड़े सुराग जुटाने के साथ ही आरोपियों की पहचान में लगी है।मालीपुर थानाध्यक्ष शशांक कुमार शुक्ला ने बताया कि पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए भेजा है। मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों की तलाश के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



### हमले की वजह बनी पहेली, पुराने रिश्तों की तलाश में पुलिस

फायरिंग की घटना के बाद सबसे बड़ा सवाल हमले की वजह को लेकर है। पुलिस अब इस बात की पड़ताल कर रही है कि युवक को निशाना क्यों बनाया गया। जांच में पुरानी रंजिश का पहलू भी सामने आया है। स्थानीय स्तर पर चर्चा है कि घायल युवक और कुछ आरोपियों के बीच पहले दोस्ती थी, लेकिन बाद में किसी विवाद के चलते दूरी बढ़ गई थी। पुलिस का कहना है कि हर पहलू की जांच की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति साफ होगी।

## एसपी ने अयोध्या बॉर्डर से प्रमुख शिवधामों तक परखी तैयारियां

# कांवड़ यात्रा से पहले अलर्ट मोड में पुलिस

■ बैरियर, कांवड़ मार्ग, घाटों और मंदिरों का किया स्थलीय निरीक्षण, सुरक्षा, यातायात और भीड़ प्रबंधन पर दिए निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर जिले में सुरक्षा व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने मंगलवार को जिले के विभिन्न कांवड़ मार्गों, अयोध्या बॉर्डर के बैरियर, प्रमुख घाटों और मंदिरों का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

निरीक्षण की शुरुआत थाना





इब्राहिमपुर क्षेत्र के सेवागंज बैरियर (अयोध्या बॉर्डर) से हुई। इसके बाद थाना अहिरौली के यादव नगर बैरियर (अयोध्या बॉर्डर), कोतवाली अकबरपुर स्थित शिव बाबा धाम, थाना टांडा क्षेत्र के कांवड़ मार्ग, प्रमुख घाटों और मंदिरों, थाना अलीगंज के सेमहरिया चौराहा तथा थाना इब्राहिमपुर के मिरानपुर घाट का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन और भीड़ प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों और पुलिस कर्मियों को संवेदनशील स्थानों पर विशेष सतर्कता बरतने, कांवड़ मार्ग पर सुचारु यातायात बनाए रखने और सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कांवड़ यात्रा के दौरान सुरक्षा प्रबंधन से जुड़े सभी इंतजामों को प्रभावी ढंग से लागू करने और निर्धारित ड्यूटी का पालन सुनिश्चित करने को कहा।

**फास्ट न्यूज**

### युवती को पीटने वाले पुलिस को दे रहे चकमा

गोरखपुर। गोरखपुर के शाहपुर थाना क्षेत्र में 9 जुलाई को बाइक और कार की टक्कर के बाद युवती की सरेराह पिटाई कर दी गई थी। पिता के सामने ही बेटी को कार से घसीटकर बाल खींचते हुए मनबढ़ों ने बाहर निकाला था। इसके बाद युवती पर 8-10 लड़कों ने लात घूंसे बरसाए थे। इस केस में फरार आरोपी अब कोर्ट में सरेंडर करने के फिराक में हैं।

### एसपी ने जनसुनवाई में सुनीं लोगों की शिकायतें

अम्बेडकरनगर। एसपी प्राची सिंह ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान लोगों की शिकायतें और समस्याएं सुनीं। इस दौरान विभिन्न मामलों में संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत का त्वरित, निष्पक्ष, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि सभी मामलों का समयबद्ध समाधान किया जाए और शिकायतकर्ताओं को नियमानुसार आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाए। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए।

### हज 2027 के आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ी

अम्बेडकरनगर। हज यात्रा 2027 (1448 हिजरी) के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने बताया कि हज यात्रा 2027 के लिए आवेदन हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट hajcommittee.gov.in और 'हज सुविधा' मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन किए जा सकते हैं।

# 2012 के हत्या-लूट केस में आरोपी को जमानत

## गैर जमानती वारंट के बाद अदालत पहुंचा था आरोपी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। करीब 14 साल पुराने हत्या और लूट के मामले में आरोपी मगनलाल को अदालत से जमानत मिल गई है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम पवन कुमार शुक्ला की अदालत ने आरोपी को एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनी ही राशि की दो जमानतें दाखिल करने की शर्त पर रिहा करने का आदेश दिया।

मामला राजेसुल्तानपुर थाना क्षेत्र का है। अभियोजन के अनुसार, वर्ष 2012 में यहां लूट और हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। इसमें जैतपुर थाना क्षेत्र के बीबीपुर निवासी मगनलाल आरोपी है।

अभियोजन के अनुसार, आरोपी पहले जमानत पर था। लेकिन 21 सितंबर 2021 को न्यायालय में पेश नहीं होने के कारण उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी कर दिया



गया था। आरोपी की ओर से अदालत में दाखिल प्रार्थनापत्र में बताया गया कि वह दिल्ली में मजदूरी करने चला गया था, जिसके कारण निर्धारित तारीख पर न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सका। वारंट की जानकारी मिलने के बाद उसने 22 जून 2026 को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया था। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद अदालत ने आरोपी की परिस्थितियों और पूर्व में मिली जमानत को देखते हुए जमानत मंजूर कर ली। अदालत ने आरोपी को निर्देश दिया कि वह मुकदमे की प्रत्येक सुनवाई पर उपस्थित रहेगा।

# हरिनाम संकीर्तन के बीच निकली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा

## सिटी पैलेस से शुरू हुई यात्रा, प्रमुख मार्गों से होकर गुजरा भव्य रथ

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा मंगलवार को शहर में धार्मिक उत्साह और पारंपरिक विधि-विधान के साथ निकाली गई। शहजादपुर नई सड़क स्थित सिटी पैलेस से शुरू हुई यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। हरिनाम संकीर्तन, मृदंग और करताल की धुन के बीच भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के विग्रहों को भव्य रथ पर विराजमान कर नगर भ्रमण कराया गया। पूजा-अर्चना और महाआरती के बाद श्रद्धालुओं ने रथ की डोर खींचकर यात्रा का शुभारंभ किया। इसके बाद जयघोष और भजन-कीर्तन के साथ रथयात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी।

रथयात्रा के स्वागत के लिए शहर



में कई स्थानों पर श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों की ओर से व्यवस्था की गई थी। लोगों ने रथ पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और आरती उतारी।गर्मी को देखते हुए कई स्थानों पर जल और शीतल पेय की व्यवस्था की गई। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को सेवा स्टॉल के माध्यम से पेयजल उपलब्ध कराया गया। नगर भ्रमण के बाद रथयात्रा दोबारा सिटी पैलेस परिसर पहुंची। यहां यात्रा का समापन किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण हुआ।महाप्रसाद लेने के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। लोगों ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा के दर्शन किए।

### भक्ति संगीत के साथ शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरा रथ

रथयात्रा सिटी पैलेस से निकलकर जेटली स्कूल, राम जानकी मंदिर मार्ग, लोहिया प्रतिमा, फव्वारा तिराहा और दोस्तपुर तिराहा होते हुए वापस सिटी पैलेस पहुंची।यात्रा के दौरान श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन करते हुए रथ के साथ चलते रहे। मृदंग और करताल की ध्वनि से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। बड़ी संख्या में लोगों ने मार्गों के किनारे खड़े होकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए।

# 119वें स्थापना दिवस पर सेवा और सामाजिक सरोकारों का संदेश

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने किए कई जनहित कार्यक्रम

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। बैंक ऑफ बड़ौदा ने सोमवार को अपना 119वां स्थापना दिवस जिले में विविध सामाजिक और जनजागरूकता कार्यक्रमों के साथ मनाया। पूरे दिन आयोजित कार्यक्रमों में बैंक की सामाजिक जिम्मेदारियों, वित्तीय जागरूकता और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर रहा।

स्थापना दिवस का शुभारंभ बाइक रैली से हुआ। इसमें बैंक के अधिकारी, कर्मचारी और स्थानीय युवाओं ने भाग लिया। रैली के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं और वित्तीय जागरूकता का संदेश लोगों तक पहुंचाया गया। इसके बाद 'प्लांटेशन-119' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया। कर्मचारियों और स्वयंसेवकों ने विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। स्थापना दिवस के अवसर पर जिला अस्पताल अकबरपुर की महिला वार्ड में मरीजों के बीच फल वितरित किए गए। वहीं स्थानीय वृद्धाश्रम में वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष भोजन की व्यवस्था की गई। रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बैंक कर्मचारियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।



■ बाइक रैली से हुई शुरुआत, वृक्षारोपण, रक्तदान, अस्पताल में फल वितरण और वृद्धाश्रम में विशेष भोजन का आयोजन

## दो सप्ताह के अभियान ने बदली सोच, दुर्घटनाओं में करीब 50% कमी दर्ज

# सड़क सुरक्षा की नई राह पर अम्बेडकरनगर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया गया दो सप्ताह का व्यापक अभियान मंगलवार को लोहिया भवन सभागार में संपन्न हो गया। जिला प्रशासन अम्बेडकरनगर और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर रोड सेफ्टी (सीओईआरएस), आईआईटी मद्रास के सहयोग से आयोजित इस अभियान ने सड़क सुरक्षा को जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास किया।

7 जुलाई से 21 जुलाई 2026 तक चले अभियान में शिक्षा, इंजीनियरिंग, प्रवर्तन, स्वास्थ्य और जनसहभागिता को केंद्र में रखा गया। अभियान के दौरान प्रशासन ने सुरक्षित यातायात व्यवहार को बढ़ावा देने के साथ ही दुर्घटनाओं के



**जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में पिछले एक माह में सड़क दुर्घटनाओं में करीब 50 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने इसे प्रशासन, विभागों, स्वयंसेवकों और नागरिकों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम बताया।**

कारणों की पहचान और समाधान पर भी काम किया।

समापन समारोह में जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि आईआईटी मद्रास के सहयोग से सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का वैज्ञानिक अध्ययन कराया गया। सड़क सुरक्षा ऑडिट के आधार पर ब्लैक स्पॉट और संभावित दुर्घटना स्थलों की पहचान कर सुधार कार्य शुरू किए गए।

उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल यातायात नियमों के पालन तक सीमित नहीं है।



### गांवों से विद्यालयों तक पहुंचा सड़क सुरक्षा का संदेश

अभियान के दौरान सड़क सुरक्षा का संदेश जनपद के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचाया गया। विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने पोस्टर, स्लोगन, निबंध और क्विज प्रतियोगिताओं के माध्यम से लोगों को सुरक्षित यातायात का संदेश दिया।

सड़क सुरक्षा पदयात्रा, ग्राम चौपाल, नुक्कड़ नाटक, क्षमता विकास प्रशिक्षण, स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर, वीडियो आधारित जागरूकता कार्यक्रम और विशेष प्रवर्तन अभियान भी चलाए गए।

सड़क सुरक्षा सखी और सड़क सुरक्षा मित्रों ने लोगों के बीच पहुंचकर हेलमेट, सीट बेल्ट और यातायात नियमों के पालन को लेकर जागरूकता बढ़ाई।

# बोर्ड परीक्षा 2027: केंद्रों की तलाश शुरू 364 स्कूलों की सुविधाओं की होगी जांच

## सीसीटीवी से लेकर परीक्षा कक्ष तक परखी जाएगी व्यवस्था

■ मानकों पर खरे उतरने वाले विद्यालयों को मिलेगी जिम्मेदारी

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। यूपी बोर्ड परीक्षा 2027 को लेकर जिले में परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया आगे बढ़ गई है। माध्यमिक शिक्षा विभाग ने जिले के सभी 364 माध्यमिक विद्यालयों का ऑनलाइन विवरण पूरा कर लिया है। अब विद्यालयों की वास्तविक स्थिति की जांच के बाद परीक्षा केंद्रों का चयन किया जाएगा।

जिले में संचालित 32 राजकीय, 60 वित्तविहीन सहायता प्राप्त और 272 निजी माध्यमिक विद्यालयों से परीक्षा केंद्र के लिए जरूरी सूचनाएं ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कराई गई हैं। विभाग ने विद्यालयों में उपलब्ध



सुविधाओं की जानकारी जुटाई है। परीक्षा केंद्र चयन से पहले विद्यालयों में भवन, परीक्षा कक्ष, सीसीटीवी कैमरे, पेयजल, शौचालय, फर्नीचर और विद्युत व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का सत्यापन कराया जाएगा। सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर ही केंद्रों का अंतिम चयन होगा। परीक्षा केंद्र निर्धारण की प्रक्रिया 20 जुलाई से 18 सितंबर तक चलेगी। विभाग के अनुसार ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से केंद्र चयन की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाया जा रहा है।

**जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. कौस्तुभ कुमार सिंह ने बताया कि इस बार केंद्र निर्धारण में ऑनलाइन व्यवस्था को प्राथमिकता दी जा रही है। मानक पूरे करने वाले विद्यालयों को ही परीक्षा केंद्र बनाए जाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।**

# अम्बेडकरनगर के स्कूलों में चला जागरूकता अभियान

## स्वच्छता को बनाया गया जीवन का हिस्सा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जिले के विद्यालयों में सोमवार को विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत आयोजित हैंडवॉश गतिविधियों में छात्र-छात्राओं को स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वास्थ्य से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई।

विद्यालयों में बच्चों को भोजन से पहले और शौचालय के बाद साबुन से हाथ धोने की सही विधि का प्रदर्शन कराया गया। शिक्षकों ने बताया कि नियमित रूप से हाथों की सफाई रखने से कई संक्रामक रोगों से बचाव किया जा सकता है।

यह अभियान मिश्रीलाल आर्य कन्या इंटर कॉलेज टांडा, सावित्रीबाई फुले राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका हाई स्कूल फरीदपुर कुतुब, राजकीय



बालिका इंटर कॉलेज तेंदुआई कला, राजकीय हाई स्कूल लखनपुर, राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहितीपुर, पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज जाफरगंज और राजकीय बालिका हाई स्कूल कहरा सुलेमपुर सहित कई विद्यालयों में आयोजित किया गया। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों को हाथों की साफ-सफाई के साथ स्वच्छ पेयजल का उपयोग, आसपास का वातावरण साफ रखने और व्यक्तिगत स्वच्छता की आदतों को अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

**संदेश :** जिलाधिकारी ने कौशल विकास कार्यक्रमों का लिया जायजा

# बीसी सखियों को मिला बैंकिंग का हुनर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में मंगलवार को आरसेटी (बैंक ऑफ बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान), अकबरपुर में बीसी सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। प्रशिक्षण पूरा करने वाली बीसी सखी प्रशिक्षुओं को जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने प्रमाणपत्र वितरित किए।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने आरसेटी की ओर से चलाए जा रहे कौशल विकास और स्वरोजगार प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी ली। उन्होंने संस्थान परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने कहा कि आरसेटी के प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं और महिलाओं को रोजगार



**बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख मिहिर कुमार झा ने कहा कि प्रशिक्षण के बाद बीसी सखियां बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखाओं से जुड़कर अपनी ग्राम पंचायतों में बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराएंगी।**

और स्वरोजगार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बीसी सखियों से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी और तकनीकी कौशल का उपयोग ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध कराने में करें। उन्होंने कहा कि बीसी सखियां गांवों में लोगों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। कार्यक्रम में बीसी सखी प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रमाणपत्र दिए गए। इसके बाद जिलाधिकारी ने आरसेटी के अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़े प्रशिक्षुओं द्वारा तैयार उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं के कार्यों की जानकारी ली और कौशल आधारित प्रशिक्षण को स्वरोजगार की दिशा में उपयोगी बताया। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण नागरिकों को बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच आसान होगी और वित्तीय सेवाओं का विस्तार होगा। कार्यक्रम के अंत में जिलाधिकारी ने आरसेटी परिसर में पौधारोपण किया।

### आरसेटी में बीसी सखियों को दिया जा रहा छह दिवसीय प्रशिक्षण

आरसेटी निदेशक राजेश कुमार ने संस्थान की गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि बीसी सखियों को छह दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि संस्थान की ओर से जिला कारागार की महिला बंदियों को ब्यूटी पार्लर प्रबंधन का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य उन्हें कौशल के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तैयार करना है।

# विशेष चौपाल में 94 भूमि विवादों का निस्तारण

## जलालपुर तहसील के पांच ग्राम पंचायतों में चला अभियान

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। भूमि विवादों के समयबद्ध निस्तारण के लिए शासन के निर्देश पर सोमवार को जिले की सभी तहसीलों में विशेष भूमि विवाद निस्तारण चौपाल का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ईशा प्रिया के निर्देशन में उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी और लेखपालों की मौजूदगी में ग्रामीणों की शिकायतें सुनी गईं और उनका निस्तारण किया गया। अभियान के तहत जलालपुर तहसील के विभिन्न गांवों में राजस्व विभाग की विशेष टीमों ने चौपाल लगाई। उपजिलाधिकारी मधुमिता सिंह ने बताया कि धवरुआ में 30, बड़ागांव में 29, खालिसपुर भटौली में 7, अजमलपुर में 14 और मरहरा में 14 भूमि विवादों का निस्तारण किया गया। इस तरह पांच ग्राम पंचायतों में कुल



94 मामलों का समाधान किया गया। चौपाल के दौरान भूमि विवादों से जुड़े मामलों की सुनवाई कर कई शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने राजस्व अभिलेखों की जांच की, पक्षकारों की बात सुनी और आवश्यक राजस्व प्रक्रिया आगे बढ़ाई। क्षेत्रीय लेखपाल अपने-अपने क्षेत्रों के भूमि विवादों और अब तक की गई कार्रवाई का विवरण लेकर चौपाल में उपस्थित रहे।ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं सीधे अधिकारियों के सामने रखीं।

